प्रतिवेदन

# राष्ट्र प्रथम

## A Campaign in Support of Nation First




**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्यप्रदेश)**

**(केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

# विश्वविद्यालय में वन्दे मातरम्, जय हिन्द, भारत माता की जय के नारों की गूँज

## राष्ट्र प्रथम है, हम सब राष्ट्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं- कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता

### 'राष्ट्र प्रथम-राष्ट्र के समर्थन में एक अभियान' के तहत विश्वविद्यालय में निकाली गई तिरंगा रैली



डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर (मध्यप्रदेश) में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में "राष्ट्र प्रथम-A Campaign in Support of Nation First" के तहत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के नेतृत्व में आज दिनांक 09 मई 2025 को राष्ट्र और भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा रैली आयोजित की गई. रैली की शुरुआत विश्वविद्यालय के नवीन प्रशासनिक भवन से की गई. रैली उपरांत विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया. रैली में विश्वविद्यालय परिवार के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर वन्दे मातरम्, जय हिन्द, भारत माता की जय के नारे लगाए.




रैली उपरान्त आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के लोग अपने राष्ट्र के सम्मान के प्रति पहले से ही सचेत हैं. पिछले दिनों राष्ट्र को चोट पहुंचाने वाली शक्तियों को भारतीय सेना के जवानों ने अपनी अद्भुत क्षमता और साहस का परिचय देते हुए उन्हें करारा जवाब दिया है. सेना के जवान देश की रक्षा के लिए तत्परता से कार्य कर रहे हैं. आज हम उनके सम्मान और देश के सम्मान में इकठ्ठा हुए हैं. हमारी यह चेतना और जागरूकता ही राष्ट्र की शक्ति है. हमें देश की सेवा और सम्मान में सबसे आगे रहकर कार्य करना है. जब तक हम जैसे सचेत और राष्ट्र प्रेमी नागरिक अपने देश के साथ खड़े हैं तब तक हमारे देश पर कोई भी बुरी ताकत उंगली नहीं उठा सकती है. हम सब सदैव संगठित रहेंगे और देश के लिए हमेशा खड़े रहेंगे. हमारा डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय परिवार 'राष्ट्र प्रथम अभियान' के समर्थन में खड़ा है. माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र प्रथम और राष्ट्र की रक्षा के लिए जो बीड़ा उठाया है हम उनके साथ हैं और भारत सरकार के हर कदम और अभियान के साथ हैं.

## विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये देश-भक्ति गीत, एनसीसी कैडेट्स ने 'हम सब भारतीय हैं' की प्रस्तुति दी

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने 'ओ देश मेरे, तेरी शान पे सदके-कोई धन है क्या, तेरी धूल से बढ़के'




गीत की संगीतमयी प्रस्तुति दी. विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी गीत 'हम सब भारतीय हैं' की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. डी. के. नेमा, प्रो. वाय. एस. ठाकुर, कुलानुशासक प्रो. चंदा बेन, कुलसचिव डॉ. एस. पी. उपाध्याय, सुरक्षा अधिकारी प्रो. राजेन्द्र यादव, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. राकेश सोनी, प्रो. अनिल जैन, प्रो. आर के गंगेले, डॉ. बी. के. साठे, प्रो. अस्मिता गजभिये, प्रो. दिवाकर राजपूत, प्रो. बी. के श्रीवास्तव, वित्ताधिकारी डॉ. एस. पी. गादेवार, उपकुलसचिव सतीश कुमार, डॉ. रजनीश, डॉ. गौतम प्रसाद, डॉ. सुमन पटेल सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.









डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
( केन्द्रीय विश्वविद्यालय )
राष्ट्र प्रथम
A Campaign in Support of Nation First
09 मई 2025




डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) 470003
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
राष्ट्र प्रथम
A Campaign in Support of Nation First
09 मई 2025





SagarUniversity DoctorGour Doctor Harisingh Gour Vishwavidyalaya,Sagar


संकलन, चयन एवं संपादन

कार्यालय, जनसंपर्क अधिकारी

**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)**

**Email- mediaofficer@dhsgsu.edu.in** **Website- www.dhsgsu.edu.in**